प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 15.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन नये युद्धपोत नौसेना को समर्पित किए।**
- **केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने जयपुर के सांगानेर में कर्मभूमि से मातृभूमि जल सुधार योजना का शुभारम्भ किया।**
- **दिव्यांगों के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए जयपुर में समेकित क्षेत्रीय केन्द्र का शिलान्यास–केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिव्यांगों के प्रति सामुदायिक जागरूकता बढाने पर जोर दिया।**
- **प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला–कई स्थानों पर हल्की से तेज बारिश।**

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत विस्तारवाद नहीं बल्कि विकास की भावना से काम करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने सदैव खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। श्री मोदी ने आज मुंबई में नौसेना गोदी में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर का लोकार्पण किया।

......

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि तीनों अग्रणी युद्धपोत भारत में बने हैं। श्री मोदी ने सभी हितधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे पहले कार्रवाई करने वाले देश के रूप में उभरा है। इससे भारत, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल में वैश्विक भरोसा बढ़ा है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह वर्ष रक्षा क्षेत्र के लिए 'सुधारों का वर्ष' है और इस साल के अंत तक रक्षा क्षेत्र कई सुधारों को लागू करेगा।

.....

इधर जयपुर के सप्त शक्ति कमान में सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आर्मी कमांडर, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने प्रेरणा स्थल पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। जयपुर के अलावा, बीकानेर, भटिंडा, सूरतगढ़, हिसार, श्रीगंगानगर, कोटा और अन्य मिलिट्री स्टेशनों पर भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में "नो योअर आर्मी" मेला, उपकरण प्रदर्शन, रन फॉर फन, पीस वॉक, युद्ध स्मारकों का दौरा, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएँ, एनसीसी कैडेट्स की गतिविधियाँ शामिल हैं।

00000

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल–सी.आई.एस.एफ. की दो नई रिजर्व बटालियन बनाने को मंजूरी दी है। इससे बटालियनों की कुल संख्या 13 से बढ़कर 15 हो जाएगी। नई बटालियन में विभिन्न रैंकों के लगभग एक हजार पच्चीस सुरक्षाकर्मी शामिल होंगे और इसका नेतृत्व वरिष्ठ कमांडेंट स्तर का अधिकारी करेगा।

00000

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल आज जयपुर के सांगानेर में कर्मभूमि से मातृभूमि जल सुधार योजना की शुरूआत की। इस योजना के तहत जनसहभागिता से बारिश के पानी को इकट्ठा करने का **काम किया जायेगा।** इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा उनके साथ मौजूद रहे। इसके बाद श्री पाटिल मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय–जनभागीदारी पर संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शहर के करीब दो सौ उद्यमी और समाज सेवी प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सांगानेर के बीलवा में राधास्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख से भेंट की।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और वित्तमंत्री दीया कुमारी कल से अलग–अलग समूहों से बजट पूर्व संवाद करेंगे। इनमें खिलाडी, महिला, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान और व्यापारी शामिल है। 22 जनवरी तक चलने वाले इस संवाद के तहत कल राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक की जाएंगी। गौरतलब है कि 31 जनवरी से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 का बजट पेश किया जायेगा। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न वर्गों से बजट पूर्व संवाद के माध्यम सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं।

0000

कांग्रेस पार्टी के नये मुख्यालय **इंदिरा भवन** का आज नई दिल्ली में उद्घाटन हुआ। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने आज इसका उद्घाटन किया। कांग्रेस मुख्यालय

का ये नया भवन कोटला रोड़ पर स्थित है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल सहित अन्य नेता मौजूद रहे। पार्टी अध्यक्ष श्री खरगे ने उद्घाटन के दौरान कहा कि पार्टी का नया मुख्यालय लोकतंत्र, राष्ट्रवाद, धर्मनिरपेक्षता, समावेशी विकास और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर बनाया गया है।

0000

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज जयपुर में दिव्यांगों के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए समेकित क्षेत्रीय केन्द्र के स्थायी भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने सीआरसी के अस्थायी परिसर का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों के माध्यम से सभी श्रेणियों के दिव्यांगों को पुनर्वास सेवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांगों के बारे में सामुदायिक जागरुकता को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

00000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट के तहत ऊर्जा विभाग से संबंधित एमओयू पर समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं के जल्द क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों से लगातार संवाद बनाये रखने और सभी लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

0000

राज्य सरकार ने प्रदेश की विभिन्न पुलिस रेंज का गठन कर उनका क्षेत्राधिकार अधिसूचित किया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 7 पुलिस रेंज में से जयपुर और जोधपुर रेंज में सबसे अधिक 8–8 पुलिस ज़िले शामिल किये गये हैं, जबकि बीकानेर रेंज में सबसे कम 4 पुलिस ज़िले रखे गये हैं।

00000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों प्रवासी परिंदों ने डेरा डाल रखा है। हाल ही में पेलिकन पक्षियों ने उद्यान में दस्तक दी है। दुनियाभर में पेलिकन की कई प्रजातियां संकट में हैं। ऐसे में उद्यान में इनके दिखने से पर्यावरण प्रेमी और पक्षीविदों में खुशी की लहर है।

00000

प्रदेश में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदल गया है। कई स्थानों पर मावठ के समाचार है। राजधानी जयपुर में कई क्षेत्रों में आज दोपहर बाद तेज बरसात हुई। इससे निचले इलाकों में पानी भर गया है। दौसा, उदयपुर और कोटा में रिमझिम बारिश हुई। बारां के सीसवाली और मांगरोल में हल्की बरसात हुई। चित्तौडगढ में ग्रामीण इलाकों में मावठ से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। करौली में हल्की बूंदाबांदी हुई। झालावाड़ और बाडमेर में ठण्डी हवाएं चल रही है। भरतपुर में सुबह से घनी धुंध छाई हुई है जिससे रेल और सड़क यातायात प्रभावित है। सवाईमाधोपुर में सुबह से कोहरा छाया रहा और दिन में बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश से गलन और ठिठुरन बढ गई है।

.....

इस बीच तेज सर्दी को देखते हुए करौली जिला कलेक्टर ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के विद्यार्थियों का कल का अवकाश घोषित किया है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आज टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, सवाईमाधोपुर, बारां, कोटा, भरतपुर और धौलपुर जिलों में हल्की से मध्यम बरसात की संभावना व्यक्त की है। इसके अलावा कहीं–कहीं ओले गिरने के भी आसार है।

00000

भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ पर आज मौसम केन्द्र जयपुर में तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूल और कॉलेज से करीब 400 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। किशनगढ के राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार ने "क्लाइमेट चेंज एण्ड इट्स इंपैक्ट ऑन ग्लेशियर्स" विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता में विजयी रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। जैसलमेर में मौसम रेडार स्टेशन पर स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान मौसम उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

00000

सवाईमाधोपुर का 262वां स्थापना दिवस 19 जनवरी को मनाया जायेगा। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसुदन सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से दो दिन तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इनमें शोभायात्रा, लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

00000